संगम से गंगासागर तक आस्था

01 करोड़ से अधिक भक्तों ने मकर संक्रांति पर लगाई डुबकी | **06** बजे सुबह एकादमी के पर्व पर तक 9.30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं पहुंचे | **400** सीसीटीवी कैमरे माघ मेले में लगाए

प्रयागराज/हरिद्वार/वाराणस/कोलकाता, 14 जनवरी। भारतीय लोक आस्था के पर्व पोंगल, मकर संक्रांति, और बिहू का महापर्व पूरे देश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वही, मकर संक्रांति और एकादशी के पावन अवसर पर देश के प्रमुख तीर्थस्थलों में आस्था का महासागर उमड़ पड़ा। प्रयागराज के संगम से लेकर वाराणसी के घाटों, हरिद्वार की हर की पौड़ी और कोलकाता के गंगासागर तक श्रद्धालुओं की करोड़ों की भीड़ दिखाई दी।

> एकादशी के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकादशी के पर्व पर सुबह 6-00 तक 9-30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा ली है। मेले में पुलिस, पीएसी, आरएएफ के साथी जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और बीडीएस की टीमों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही स्नान घाटों पर एटीएस के कमांडो भी तैनात किए गए हैं। माघ मेले में सुरक्षा को लेकर 400 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिसमें डेढ़ सौ से ज्यादा ए आई युक्त युक्त कैमरे शामिल हैं। इन कैमरों से क्राउड मैनेजमेंट भी किया जा रहा है।

करीब एक करोड़ से अधिक भक्तों ने गंगा और संगम में पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद श्रद्धा का उत्साह कम नहीं हुआ। त्रेता युग से चली आ रही परंपरा के अनुसार गंगासागर में कपिल मुनि आश्रम के पास स्नान कर श्रद्धालु मोक्ष की कामना कर रहे हैं, वहीं प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वाराणसी में मकर संक्रांति और पौष पूर्णिमा जैसे अवसरों पर, ठंड और कोहरे के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई; प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं (अलाव, चेंजिंग रूम) का इंतजाम किया, और खिरकिया घाट पर दिव्यांगों के लिए फ्लोटिंग जेटी और बाथ कुंड जैसे नए इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि हर कोई स्नान कर सके।

सूमाया समूह धोखाधड़ी मामले में ईडी ने 35 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली, 14 जनवरी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को सूमाया समूह और अन्य से जुड़े एक मामले में 35.22 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की घोषणा की। इन संपत्तियों में बैंक बैलेंस, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड जैसी चल संपत्तियाँ तथा दो अचल संपत्तियाँ शामिल हैं। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शुरू की थी, जो वर्ली पुलिस थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई। प्राथमिकी में सूमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रमोटर्स और अन्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर आरोप है कि उन्होंने भविष्य की नीड टू फीड योजना के तहत लाभ दिलाने का झूठा वादा कर लगभग 137 करोड़ रुपये का गबन किया है।

पूर्व सैनिक राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को राष्ट्रीय चेतना का जीवंत स्तंभ बताया

नई दिल्ली, 14 जनवरी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां 1 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक दिवस समारोह में हिस्सा लिया।



इस मौके पर रैलियां, पुष्पांजलि अर्पण समारोह, शिकायत निवारण काउंटर तथा सहायता एवं सुविधा डेस्क लगाये गये। मुख्य समारोह दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में हुआ जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगभग 2500 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने पूर्व सैनिकों से युवाओं का मार्गदर्शन करने, अग्निवीरों और युवा सैनिकों को सही दिशा देने, आपात स्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि भारत तेजी से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों को भी याद किया और कहा कि उनके साहस और बलिदान को पहले वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारतीय शांति सेना के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर स्वीकार किया है तथा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सहित विभिन्न स्तरों पर उन्हें सम्मान दिया जा रहा है।

रेट्रोवाइल्स 2026 : लग्जरी शादियों का अंतर्राष्ट्रीय संगम

जयपुर ,14 जनवरी. एक्सपी एक्सचेंज का रेट्रोवाइल्स 2026 भारत में लग्ज़री शादियों के उभरते ट्रेंड को प्रदर्शित करता है. इस पाँचवें एडिशन को कनिका मेहता ने क्यूरेट किया और यह दो दिवसीय कॉन्क्लेव अनंतारा ज्वेल बाग, जयपुर में आयोजित हुआ.

इसमें भारत और विदेशों से 450 से अधिक हाई-एंड डेलीगेट्स, थॉट लीडर्स और प्रमुख स्टेकहोल्डर्स शामिल हुए. यूरोप, मेडिटेरेनियन, दक्षिण पूर्व एशिया, मिडवेस्ट और एशिया पैसिफिक से आए प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रदान किया. राजस्थान की डिप्टी सीएम, महारानी दीया कुमारी ने उद्घाटन किया और 'वेड इन इंडिया' व 'मीट इन इंडिया' विज़न पर प्रकाश डाला. उन्होंने भारत और राजस्थान को विश्व स्तरीय लग्ज़री वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया. इस अवसर पर शादी और लाइव एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के प्रमुख नाम मौजूद थे.

नितिन नबीन के प्रस्तावक होंगे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 14 जनवरी. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है. बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन अब पार्टी के स्थायी अध्यक्ष बनने जा रहे हैं. वो बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह कार्यकार संभालेंगे. जल्द ही बीजेपी के नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. नितिन नबीन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन 19 जनवरी को दाखिल करेंगे.

एक नजर में

चलती पैसेंजर ट्रेन पर क्रेन गिरने से 22 की मौत

बैंकाक, 14 जनवरी. थाईलैंड में बड़ा हादसा हुआ है. बुधवार सुबह थाईलैंड के सिखियो जिले में एक हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर काम कर रही एक बड़ी कंस्ट्रक्शन क्रेन एक गुजरती पैसेंजर ट्रेन पर गिर गई. तेज टक्कर से ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए और आग लग गई. रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि हादसे में करीब 22 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं. हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया. बचाव दल ने समय बैंकॉक से 230 किमी उत्तर-पूर्व में नाखोन रत्चासिमा प्रांत में मलबे से पीड़ितों को निकाला.

सांसदों ने ट्रंप की सैन्य शक्ति सीमित की

वाशिंगटन, 14 जनवरी। अमेरिका के सांसदों (सीनेटर) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ग्रीनलैंड सहित किसी भी नाटो सदस्य देश या क्षेत्र पर हमला करने या कब्जा करने से रोकने के लिए एक विधेयक पेश किया है। नाटो यूनिटी प्रोटेक्शन एक्ट विधेयक रक्षा विभाग और विदेश विभाग को किसी भी नाटो सदस्य देश के क्षेत्र की नाकेबंदी करने, कब्जा करने, विलय करने या नियंत्रण स्थापित करने के लिए धन के उपयोग पर रोक लगाने का प्रावधान करता है। इसके अलावा, रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर डॉन बेकन ने डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के साथ मिलकर एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो राष्ट्रपति को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने से पहले ही रोकने का प्रयास करता है।

यूपी में 24 घंटे में चार एनकॉउंटर

लखनऊ, 14 जनवरी। उत्तर प्रदेश में अपराध के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई एक बार फिर सुर्खियों में है। फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, गाजीपुर और अमरोहा जिलों में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. फिरोजाबाद जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस और एक शातिर चोर के बीच मुठभेड़ हो गई। वांछित अभियुक्त ऋषभ पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। इसी आरोपी के जरिए कई खुलासे हुए हैं। वहीं गाजियाबाद से पुलिस विभाग को झकझोर देने वाला मामला सामने आया, जहां महिला दरोगा भुवनेश्वरी सिंह को 45 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया।

जरूरी है ऑनलाइन स्कैम के खिलाफ लड़ना : कंबोडियाई प्रधानमंत्री

नोम पेन्ह, 14 जनवरी। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा है कि साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई इस समय सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है. और सरकार नागरिकों की शांतिपूर्ण जिंदगी सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा एवं सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, ऑनलाइन स्कैम के खिलाफ लड़ाई इस समय दूसरे राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले कार्यों के अलावा एक मुख्य काम है। उन्होंने कहा कि नेटवर्क को देखते हुए सरकार ने इस अपराध के खिलाफ कई कदम उठाए हैं जिससे कई सकारात्मक नतीजे हासिल हुए हैं।

राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों के सम्मेलन का आज उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, 14 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर के संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे. इस मौके पर प्रधानमंत्री सभा को संबोधित भी करेंगे।

सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे और इसमें दुनिया के अलग-अलग हिस्सों के 42 राष्ट्रमंडल देशों और 4 अर्ध-स्वायत्त संसदों के 61 स्पीकर और पीठासीन अधिकारी शामिल होंगे. यह सम्मेलन कई समकालीन संसदीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा, जिसमें मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों को बनाए रखने में स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका, संसदीय कामकाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग, सांसदों पर सोशल मीडिया का प्रभाव, संसद के बारे में जनता की समझ बढ़ाने के लिए नई रणनीतियां और मतदान से परे नागरिकों की भागीदारी जैसे विषय शामिल हैं.

गृहमंत्री अमित शाह ने उठाया पतंगबाजी का लुत्फ

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने उत्तरायण के पवित्र अवसर पर अहमदाबाद स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन का किया और अपनी लोकसभा के नारणपुरा वार्ड एवं नवा वाडज वार्ड में पतंगोत्सव में शामिल हुए।

नीट में -40 नंबर वाले भी बनेंगे स्पेशलिस्ट डॉक्टर

- एनबीईएमएस ने कट ऑफ घटाकर जीरो किया परसेंटाइल
- स्वास्थ्य मंत्रालय के मंजूरी के बाद लिया फैसला

नई दिल्ली, 14 जनवरी. नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज यानी एनबीईएमएस ने नीट पीजी 2025 के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल कम कर दिया है. अब जनरल कैटेगरी का रिवाइज्ड कटऑफ मार्क्स 7 परसेंटाइल और ओबीसी, एससी, एसटी का 0 परसेंटाइल हो गया है.

कट-ऑफ घटने के बाद अब नीट पीजी परीक्षा में -40 नंबर लाने वाले ओबीसी, एससी और एसटी कैंडिडेट्स तीसरे राउंड की काउंसिल करा सकते हैं. एनबीईएमएस ने ऑफिशियल नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी। एनबीईएमएस ने ये फैसला एकेडमिक सेशन 2025-26 के लिए राउंड 3 काउंसलिंग में ज्यादा उम्मीदवारों को शामिल होने का मौका देने के लिए लिया. रिवाइज्ड कट-ऑफ भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की मंजूरी के बाद लागू की गई है. एनबीईएमएस ने बताया कि तीसरे राउंड की काउंसलिंग के दौरान खाली रह जाने वाली पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सीटों को भरने के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल को कम किया गया है.

आज का इतिहास

- 1759 लंदन के मोंटेगुवे हाउस में मानवीय इतिहास और सभ्यता पर आधारित दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।
- 1784 विलियम जोंस ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। बाद में इसका नाम एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल हो गया।
- 1934 भारत में बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में आए जबरदस्त भूकंप से करीब 11 हजार लोगों की मौत।

देशवासियों को पर्वों की शुभकामनाएं

मकर संक्रांति, पोंगल और उत्तरायणी पर केजरीवाल का संदेश

नई दिल्ली, 14 जनवरी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने मकर संक्रांति, पोंगल और उत्तरायणी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देकर एक सकारात्मक और उत्साहपूर्ण संदेश साझा किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मकर संक्रांति, पोंगल और उत्तरायणी के इस पावन अवसर पर सभी देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। ये त्योहार आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आएं। भारत में ये तीनों पर्व अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं, लेकिन इनका मूल भाव एक ही है—नई फसल, नई ऊर्जा और नए संकल्प। मकर संक्रांति उत्तर भारत में, पोंगल दक्षिण भारत में और उत्तरायणी विशेष रूप से उत्तराखंड में बड़े उत्साह से मनाई जाती है। ये पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है।

सेना के जवानों को मिलेगा एक करोड़ का दुर्घटना बीमा कवर

नई दिल्ली, 14 जनवरी. भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों के लिए फिर से एक करोड़ के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर का प्रावधान किया गया है. आतंकवादी हमले में शहीद होने पर 10 लाख का अतिरिक्त बीमा प्रदान किया जाएगा. सेना में कार्यरत अग्निवीर भी दुर्घटना बीमा कवर में शामिल हैं. सैन्यकर्मियों को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 1.5 करोड़ का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर भी उपलब्ध कराया जा रहा है. सेना के साथ हुए एक समझौते के तहत भारतीय सेना के कार्यरत सैन्यकर्मियों को यह बीमा सुविधा बैंक द्वारा प्रदान की जा रही है.

लोक आस्था का पर्व | नेताओं ने मकर संक्रांति पर शुभकामनाएं दीं

देशभर में हर्षोल्लास से मनाई मकर संक्रांति

नई दिल्ली, 14 जनवरी. भारतीय लोक आस्था के पर्व पोंगल, मकर संक्रांति, और बिहू का महापर्व पूरे देश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सहित कई नेताओं ने देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष, उत्तरायण और मकरविलक्कु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है।

गृह मंत्री अमित शाह ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर देशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा - इस पावन पर्व पर अमित शाह ने ऊर्जा, उमंग और उत्साह के पर्व के रूप में मकर संक्रांति का उल्लेख किया। उन्होंने सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

योगी ने माघ बिहू पर्व पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

लखनऊ, 14 जनवरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रकृति संरक्षण और लोक-परंपराओं की समृद्ध विरासत से सुशोभित माघ बिहू पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ बिहू मानव और प्रकृति के आत्मीय संबंधों का प्रतीक पर्व है। श्री योगी ने अपने संदेश में कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का प्रकाश प्रस्फुटित करे तथा समाज में सौहार्द और सांस्कृतिक चेतना को और अधिक मजबूत बनाए। गौरतलब है कि देशमें जनवरी का महीना त्योहारों की मिठास लेकर आता है। जहां पूरा देश मकर संक्रांति की तैयारियों में जुटा है, वहीं असम में खुशियों और पकवानों का महापर्व बिहू काफ़ी जोर शोर से मनाया जा रहा है। यह पर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति और खेती के प्रति आभार जताने का एक जरिया है।

आई-पैक रेड मामले में टीएमसी की याचिका हाईकोर्ट से खारिज

- ईडी बोली- हमने कुछ जब्त नहीं किया
- ममता ही गैरकानूनी तरीके से फाइलें ले गईं

कोलकाता, 14 जनवरी. कोलकाता में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) पर हुई ईडी रेड से जुड़े मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा झटका लगा है. कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को टीएमसी की अपने डेटा की सुरक्षा की मांग वाली याचिका खारिज कर दी.

कोर्ट ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उसे बताया है कि पिछले हफ्ते की छापेमारी के दौरान पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के ऑफिस और घर से कुछ भी जब्त नहीं किया गया था. सुनवाई के दौरान, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने बेंच को बताया कि मुख्यमंत्री ही फाइलें और डिवाइस अपने साथ ले गई थीं. बता दें कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर 8 जनवरी को हुई ईडी की छापेमारी के दौरान कथित तौर पर जब्त किए गए पर्सनल और पॉलिटिकल डेटा की सुरक्षा के लिए आदेश देने की मांग की थी.

युवा शक्ति करेगी विकसित भारत का निर्माण : द्विवेदी

सेना प्रमुख ने कहा- राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं

नई दिल्ली, 14 जनवरी (वार्ता) सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से अनुशासन तथा समर्पण के साथ देश सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेगी।



जनरल द्विवेदी ने बुधवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के कथन का हवाला दिया और युवाओं को नए भारत का चेहरा बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे सशक्त जनसांख्यिकी शक्ति हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और प्रतिबद्धता के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कैडेटों के योगदान को भारत की दृढ़ता का प्रतीक बताया।